भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 4128
जिसका उत्तर मंगलवार 20 मार्च, 2018 को दिया जाना है

बीएचईएल का क्षमता वर्धन

4128. श्री आलोक संजर:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) भोपाल में स्थित इकाइयों के क्षमता वर्धन सहित क्षमता वर्धन की योजना बना रहा है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या बीएचईएल द्वारा आवश्यक बिजली उपकरणों की समय पर आपूर्ति करके विद्युत उत्पादन क्षमता में वर्धन की अपनी योजनाओं के लक्ष्यों को हासिल किये जाने की संभावना है;

(घ) यदि नहीं, तो इसका क्या कारण है; और

(ङ) इस संबंध में सरकार ने कौन से उपचारात्मक कदम उठाए हैं?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री
(श्री बाबुल सुप्रियो)

(क) और (ख): वर्तमान में, भोपाल में स्थित अपनी विनिर्माण यूनिट सहित क्षमता निर्माण को आगे बढ़ाने के लिए बीएचईएल में इस समय कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

(ग) और (घ): विद्युत उत्पादन क्षमता संयोजन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बीएचईएल द्वारा सभी प्रयास किए जाते हैं। कंपनी सामान्यतः अपनी सीमा में विभिन्न परियोजनाओं की आवश्यकतानुसार अपेक्षित विद्युत उपकरण की आपूर्ति कर रही है। विद्युत परियोजनाओं के निष्पादन में विकासकर्ताओं/यूटिलिटीज द्वारा इन्टरफेस इन्पुट का मिलान करने सहित उच्च स्तरीय जटिलताएं और विभिन्न एजेन्सियों के बीच पारस्परिक निर्भरता शामिल हैं। इसलिए, इस प्रकार यदि सभी संबंधित एजेन्सियां भी समय पर अपनी संबंधित गतिविधियों को पूरा करती हैं तो लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

(ङ): अन्य बातों के साथ-साथ देश में, विद्युत उत्पादन क्षमता संयोजन को सुगम बनाने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों में निम्नलिखित शामिल हैं:

- केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) द्वारा निर्माणाधीन विद्युत परियोजनाओं की निगरानी। सीईए परियोजनाओं को आरंभ करने के लिए जटिल मुद्दों की पहचान करने और उनका समाधान करने के लिए परियोजना विकासकर्ताओं और अन्य स्टेकहोल्डरों के साथ समीक्षा भी करता है।
- अवरोध वाले क्षेत्रों की पहचान करने और अंतर-मंत्रालयी और अन्य बकाया मुद्दों के तीव्र समाधान को सुगम बनाने के लिए विद्युत मंत्रालय में भी समीक्षा की जाती है।

*****